# वेटरंस डे समारोह : पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित, मेडिकल चेकअप समेत लगाए गए कई स्टाल

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया के तत्वाधान में बुधवार को 9 वां आर्मड फोर्सेस वेटरंस डे समारोह का आयोजन नया रायपुर में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के दूर- दराज के वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिक, अधिकारी अपने परिवारजनों के साथ सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का हिस्सा बनने आए हुए समस्त भूतपूर्व सैनिकों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के कल्याणार्थ अनेक स्टाल लगाए गए थे। जिसके अंतर्गत राज्य सैनिक बोर्ड के द्वारा स्पर्ष एवं फ्लेम साफ्टवेयरों की जानकारी समस्त उपस्थित जनों को प्रदान की गई।

राज्य सैनिक बोर्ड के द्वारा वर्ष 2024-25 की नवविमोचित संक्षेपिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल चैकअप, आई चैकअप, क्षेत्रीय सेना भर्ती कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न बैंकों के भी स्टाल लगाये गए थे। उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार पिंगुआ (भा.प्र.से.), ए.सी.एस. (होम), छत्तीसगढ़ शासन थे। इस अवसर पर विषिष्ट अतिथि के रूप में ले. जनरल अशोक कुमार जिंदल, पीव्हीएसएम, एव्हीएसएम, वाईएसएम, (से.नि.) संचालक, एम्स, रायपुर उपस्थित थे। इसके साथ ही इस अवसर पर ब्रिगेडियर विवक शर्मा, व्हीएसएम,(सेनि.), संचालक, संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, तथा ब्रिगेडियर नवीन थापा कमांडेंट सी.ओ.डी. जबलपुर, प्रतिनिधि मध्य भारत एरिया, कर्नल जयराम सिंह कार्यवाहक कमांडर छत्तीसगढ़ एवं उडीसा सब एरिया के साथ कमोडोर ए.के. जुलका (से.नि.) कमोडोर ए.एस. बिसेन (से.नि.), ब्रिगेडियर ए.के. दास (सेनि.) अन्य विषिष्ठ वरिष्ठ सेवा निवृत्त सैन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई।



ब्रिगेडियर नवीन थापा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिये शहीद परिजनों तथा भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों एवं सैनिकों तथा परिवार का धन्यवाद किया गया।ले. जनरल अशोक कुमार जिंदल (सेवा निवृत्त), संचालक एम्स, रायपुर के द्वारा सभी भूतपूर्व सैनिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समय पर होने वाली स्वास्थ्य संबंधित रोगों की जांच करवाते रहने के साथ ही योग को अपने जीवन में आपना कर स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। ब्रिगेडियर विवके शर्मा, संचालक, संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भूतपूर्व सैनिकों के लिये किये गये कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही राज्य में भूतपूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ ऑनलाइन कार्य किये जाने के लिये बनाये गये साफ्ट वेयर फ्लेम में अपना रजिस्ट्रेषन कर घर बैठे समस्त सुविधाओं के उपयोग किये जाने के बारे मे प्रोत्साहित किया।

### सायबर अपराधों के बारे में दी गई जानकारी

मुख्य अतिथि मनोज कुमार पिंगुआ (भा.प्र.से.), ए.सी.एस. (होम), छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपने सम्बोधन में संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा शहीद परिवार तथा भूतपूर्व सैनिकों/सैन्य विधवाओं तथा उनके परिजनों के लिये किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ तथा उडीसा सब एरिया द्वारा किये जा रहे कार्य तथा उनके प्रयासों की भी सराहना की। उनके द्वारा देष में हो रहे साईबर अपराध से बचने के लिये उपस्थित जनों को भी जानकारी दी गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मंदिर की दानपेटी तोड़कर लाखों की चोरी

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के अकलतरा नगर के प्रसिद्ध महामाया मंदिर में चोरों ने दानपेटी तोडक़र लगभग ढाई लाख रुपए की चोरी कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार रात की है। शुक्रवार सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर में रखी दान पेटी टूटी हुई है तथा उसमें रखे नगद रकम गायब है। इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद अकलतरा पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से भी जांच करा रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते दिख रहे आरोपी की पहचान करने में जुटी है। बताया जाता है कि दान पेटी में नवरात्रि, नववर्ष और मकर संक्रांति में का चढ़ावा था। विगत आठ माह से दान पेटी नहीं खुला था।

### रेलवे ठेकेदार के ठिकानों पर आईटी की दबिश

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में इनकम टैक्स ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए निर्माण कंपनी और रेलवे ठेकेदार के ठिकानों पर दबिश दी है.जानकारी के अनुसार, आरएसए इंफ्रा कंपनी (राधे श्याम अग्रवाल) के मालिक संजय अग्रवाल के अवंति विहार स्थित घर और ऑफिस समेत उनके भाई रेलवे ठेकेदार बजरंग अग्रवाल के अवंति विहार स्थित घर और ऑफिस पर आईटी की टीम ने दबिश दी है. बताया जा रहा है कि आईटी के दर्जनभर से अधिक अधिकारी छापामारा कार्रवाई में शामिल हैं।

### रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग की सख्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन और उप संचालक खनिज के निर्देशानुसार बीती रात अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज विभाग की टीम ने सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाकर 12 हाईवा रेत को जब्त किया गया। यह कार्रवाई रायपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की गई, जिसमें उपरवारा, नयापारा, अभनपुर और खरोरा शामिल हैं। जब्त हाईवा वाहनों को संबंधित थानों में सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग की टीम ने रायपुर के विभिन्न मार्गों पर चल रहे जांच अभियान के दौरान यह कार्रवाई की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसी कार्रवाई निरंतर की जाए, ताकि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

### केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रविवार को आएंगे रायपुर

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रविवार, 19 जनवरी, 2025 को नियमित विमान सेवा से अपराह्न 05.25 बजे रायपुर आ रहे हैं । केन्द्रीय मंत्री रात्रि विश्राम, स्टेट गेस्ट हाऊस, रायपुर में करेंगे । अपने तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन, 20 जनवरी को केन्द्रीय मंत्री, पूर्वाह्न 10.00 बजे, उर्कुरा रेलवे स्टेशन क्रॉसिंग के पास, भनपुरी इण्डस्ट्रीयल एरिया में स्थित, कसारे वन्य सिल्क मिल प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण करेंगे और यहां पर आई.आई.टी. भिलाई द्वारा प्रस्तुत प्रजेंटेशन के अवलोकन के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे । इस कार्यक्रम बाद सिंह अपराह्न 03.00 बजे, आई.आई. टी. भिलाई के लिए प्रस्थान करेंगे । केन्द्रीय मंत्री शाम 07.30 बजे स्टेट स्टेट गेस्ट हाऊस, रायपुर लौट आएंगे । छत्तीसगढ़ यात्रा के तीसरे दिन, 21 जनवरी को स्टेट गेस्ट हाऊस, रायपुर में टेक्सटाइल के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे । इस कार्यक्रम के पश्चात् गिरिराज सिंह अपराह्न 05.30 बजे, एग्रीकल्चर कॉलेज के सामने जोरा ग्राउंड में आयोजित एक स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद, रात्रि 08.25 बजे, रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे ।

### कैश कलेक्शन की सुरक्षा पर विशेष बैठक

# पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश

रायगढ़

जिले की शासकीय मदिरा दुकानों की शराब बिक्री से जुड़े कैश कलेक्शन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में जिला आबकारी विभाग, बैंक, सीएमएस कंपनी और सुरक्षा एजेंसी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कैश कलेक्शन का कार्य संभालने वाली सीएमएस कंपनी से रायगढ़ मुख्यालय के स्तर पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पाया कि कैश कलेक्शन में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की गाइडलाइंस और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का पालन नहीं किया जा रहा है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कंपनी से जवाब तलब किया गया।



पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आरबीआई के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। इनमें "मानक वाहन" का उपयोग, कैश का प्रतिदिन बैंक में जमा होना, सशस्त्र गार्ड, मदिरा दुकानों की सीसीटीवी से निगरानी, कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन और सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारियों को आपातकालीन संपर्क नंबर मुहैया कराना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैश कलेक्शन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, सहायक आयुक्त आबकारी. क्रिस्टोफर खलखो, सहायक जिला आबकारी अधिकारी विमल तिर्की, निरीक्षक प्रशांत राव, थाना प्रभारी चक्रधरनगर,आबकारी उप निरीक्षक रागिनी नायक, योगेन्द्र मेहर, जितेश नायक, संतोष कुमार नारंग, कुशल कुमार पटेल, असिस्टेंट मैनेजर, एसबीआई अनिल कुमार मिंज, लोकेशन इंचार्ज सीएमएस हरिराम, सुरक्षा गार्ड एजेंसी एलिट फाल्कन्स के रविशंकर झरिया, सुरक्षा गार्ड एजेंसी इंगल हण्टर सालुशन के महेश बरेठ, रायगढ़ फील्ड ऑफिसर, ईगल हंटर सालुशन सन्दु कुमार सिंह, वाल्ट इंचार्ज महेश खूंटे, कस्टुडियन सीएमएस-श्री सुनील निषाद, तीज कुमार यादव, डमरू साहू उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक ने बैठक के अंत में सुरक्षा से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया, जिससे शराब बिक्री के कैश कलेक्शन से जुड़े किसी भी प्रकार के जोखिम को रोका जा सके।

## कोर्ट परिसर में वकीलों ने की आरोपी की पिटाई

रायपुर। आरएनएस

जिला कोर्ट रायपुर में शुक्रवार को वकीलों ने पेशी के लिए आये एक आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। दरअसल में वकील आरोपी द्वारा खमतराई इलाके में गुरुवार को सीनियर वकील दिर्गेश शर्मा पर चाकू से जानलेवा हमला करने से नाराज थे।

मिली जानकारी के अनुसार खमतराई इलाके में वकील दुर्गेश शर्मा पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी अजय सिंह को शुक्रवार को कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। जहां उसे देखकर वकीलों ने आपा खे दिया और आरोपी को पकडक़र उसकी जमकर पिटाई कर दी।

बता दें कि आरोपी अजय सिंह और वकील दुर्गेश शर्मा के बीच एक केस को लेकर विवाद था जिसे आरोपी ने वकील को केस लेने से मना किया था। जब वकील शर्मा इस बात सवे मना किया तो आरोपी ने घर में घुसकर दुर्गेश शर्मा पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से वकीलों में आक्रोश व्याप्त था और शुक्रवार को पेशी के दौरान वकीलो ने अपना गुस्सा उतार दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। वकीलों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वकीलों के संगठन ने भी इस मामले पर नाराजगी जाहिर की है और आपात बैठक बुलाकर भविष्य की रणनीति बनाने की बात कही है।

## अभी और ठंड झेलने के लिए हो जाएं तैयार, छत्तीसगढ़ में आज से फिर बढ़ेगी ठंड

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार से फिर ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, उसके बाद मौसम साफ होते ही रात के तापमान में गिरावट आएगी। बुधवार को सबसे ठंडा बलरामपुर रहा जिसका न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क (ड्राई) रहेगा। 18 जनवरी से पश्चिमी क्षेत्र में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) बन रहा है। इससे उत्तर भारत से शुष्क और ठंडी हवा प्रदेश में पहुंचेगी जिससे ठंड बढ़ेगी। आज बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहने संभावना है। बुधवार को रायपुर में रात का पारा 16.5 डिग्री रहा जो औसत से 3 डिग्री अधिक था। वहीं दिन का तापमान 29 डिग्री रहा जो नॉर्मल से 1.2 डिग्री अधिक था। मौसम विज्ञानिकों के मुताबिक समुद्र से आ रही नमी के कारण बादल छाए हुए हैं। इससे रात का तापमान बढ़ गया है। बुधवार को प्रदेश के सभी स्थानों पर बादलों के कारण दिन का तापमान भी सामान्य के आसपास रहा। बस्तर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक था। वहीं मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में रात का पारा नॉर्मल से थोड़ा कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक प्रदेश में मौसम स्थिर रहेगा। न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि एक-दो दिन बाद तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। इससे राज्य के ज्यादातर इलाकों में ठंड में मामूली बढ़ोतरी होगी।

## राइजिंग किड्स स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को दी गई ट्रैफिक नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में आज यातायात पुलिस ने राइजिंग किड्स हायर सेकेंडरी स्कूल, कुसमुरा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक प्रेम साय भगत ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के महत्व और उनके पालन की आवश्यकता पर जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़े उपायों जैसे हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने, और सड़क पर सावधानी बरतने के महत्व को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं, शिक्षकगण एवं सकूल स्टाफ को यातायात जागरूकता के पंप्लेट वितरण किया गया।



कार्यक्रम में बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार एवं समुदाय को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गई। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात व्यवहार को बढ़ावा देना है। यातायात पुलिस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक कदम साबित हुआ, जिसे छात्रों और शिक्षकों दोनों की सराहना मिली।

## सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सरल बनाना आर्थिक स्थिरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम - जो फ्रांसिस

नई दिल्ली । आरएनएस

हम, आईआईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जो फ्रांसिस और गार्डियन डेमोक्रेटिक फोरम के अध्यक्ष फ्रांसिस जोसेफ (सनी) के साथ जोबिन जेरोम (इस सम्पूर्ण आर्थिक फार्मूले के आविष्कारक) ने भारत सरकार के साथ एक ऐतिहासिक आर्थिक और वित्तीय मॉडल को लागू करने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है। यह मॉडल सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ नागरिकों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखता है। इस मॉडल का लक्ष्य अस्थिरता का कारण बनने वाले आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकना, बचत को बढ़ावा देना और जनसंख्या की आर्थिक स्थिति को सुधारना है।नए आर्थिक और वित्तीय मॉडल के प्रमुख उद्देश्य :- 1. आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकना:

आर्थिक अनिश्चितता के चक्र को तोड़ते हुए, सरकार वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना चाहती है। यह बचत को प्रोत्साहित करता है और नागरिकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाता है, जिससे एक अधिक सुदृढ़ और सुरक्षित अर्थव्यवस्था में भागीदारी संभव होती है। 2. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना :- यह नया मॉडल (कस्टमाइज्ड ऑटो बैंकिंग अकाउंट, ष्ट्रक्च ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए) ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यक्तियों की आर्थिक वृद्धि का सीधा समर्थन करेगा और सरकार को बेहतर शासन और सार्वजनिक कल्याण के लिए पर्याप्त राजस्व प्रवाह सुनिश्चित करेगा। 3. शून्य गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (एनपीए): -

इस पहल का मुख्य लक्ष्य बैंकों में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को शून्य के करीब लाना है। आसान ऋण प्रदान करके, यह मॉडल जिम्मेदार उधारी और ऋण देने को प्रोत्साहित करता है, जिससे बैंक और जनता दोनों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## नक्सलियों व जवानों के बीच हुई मुठभेड़, 8 लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

कांकेर । आरएनएस

शुक्रवार को जिले के थाना छोटेबेठिया के गांव सितरम के जंगल पहाड़ी क्षेत्र मे नक्सलियों एवं डीआरजी-बीएसएफ सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके से मिलिट्री कंपनी नम्बर 05 के प्लाटून नंबर-02 कमांडर 08 लाख के ईनामी मोतीराम उर्फ राकेश उसेण्डी को गिरफ्तार किया है तथा घटना स्थल से एक 01नग भरमार। 01नग देशी एयरगन पिस्टल, देशी बीजीएल सेल 07 नग,सहित भारी मात्रा में अन्य नक्सल सामाग्री बरामद किया है।



बता दें कि जिला कांकेर में सुन्दरराज पी.,पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर,अमित कांबले उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज कांकेर, उप महानिरीक्षक क्वस्स्न विपुल मोहन बाला के मार्ग-दर्शन,आई के एलिसेला उप पुलिस महानिरीक्षक एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है,इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर दिनांक जिला बल डीआरजी-बीएसएफ की 47वी एवं 94वीं वाहिनी की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना छोटेबेठिया,कांकेर-नारायणपुर के सरहदी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मरकाबेड़ा,करसकोड़ो,सितरम व आस -पास जंगल क्षेत्र मे रवाना हुये थे,कि ग्राम सितरम व कोंगे के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सशस्त्र नक्सली एवं रावघाट/परतापुर एरिया कमेटी के नक्सलियों के द्वारा पूर्व से घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुनध फायरिंग करने लगे। जिस पर सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग किया गया,दोनो ओर से लगभग रूक-रूक 01घंटा तक फायरिंग चला। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए, किंतु एक नक्सली मोतीराम उर्फ राकेश उसेंडी को पकडऩे में कामयाब रहे। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सर्च करने पर मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों द्वारा छुपाकर कर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया। घटना मे सभी जवान सुरक्षित है, इसके पहले इसी अभियान में नक्सलियों का एक पुराना डेरा भी जवानों द्वारा नष्ट किया गया था।बाद सभी पार्टी अभियान करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस आयीं।

**मौके से जवानों ने निम्न नक्सल सामाग्रियां बरामद की है -:**

1.भारमार-01नग,देशी एयरगन पिस्टल-01 नग,देशी बीजीएल सेल खाली–02 नग,ड्रील मशीन –01 नग,डीजिटल मल्टीमीटर –01 नग,चार्जर पेड़–01 नग,एयरगन –01 नग,नक्सली वर्दी काला कलर – 01पेंट,02 नग शर्ट,जूसर –01 नग,बैटरी चार्जर स्विच के साथ वायर – 05 नग, बैटरी- 3.6 वोल्ट-01नग, बैटरी 3.7 वोल्ट –06 नग,बैटरी 1.2 वोल्ट–03 नग,कैमोप्लाइज पि –01नग